Alberta

समाचार विज्ञप्ति

एल्बर्टा ने 70% की संख्या-सीमा प्राप्त कर ली है, इसलिए 1 जुलाई को प्रांत पूरी तरह से खुल जाएगा

18 जून 2021

एल्बर्टा अपनी गर्मियों के लिए खुला (Open for Summer) की अंतिम संख्या-सीमा पर पहुँच गया है, जिसके परिणामस्वरूप चरण 3 को आरंभ करने के लिए दो सप्ताहों की प्रतीक्षावधि शुरू हो गई है।

17 जून को 70.2 प्रतिशत पात्र एल्बर्टावासियों को टीके की कम से कम एक खुराक प्राप्त हो चुकी थी, इसलिए एल्बर्टा 1 जुलाई को चरण 3 में पहुँच जाएगा और सभी अनिवार्य प्रतिबंधों को दूर करके फिर से पूरी तरह से खुल जाएगा।

एल्बर्टा में 18 वर्ष और इससे अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति गर्मियों के लिए खुला लॉटरी (Open for Summer Lottery) ड्रॉ में $1 मिलियन जीतने के अवसर के लिए अभी भी प्रवेश कर सकता है। पंजीकरण जून 24 को रात 11:59बजे बंद हो जाएगा और पुरस्कार का दावा करने के लिए टीकाकरण के प्रमाण की आवश्यकता होगी।

1 जुलाई को जब एल्बर्टा आधिकारिक रूप से चरण 3 में प्रवेश करेगा, तो उस दिन विजेता की घोषणा की जाएगी।

गर्मियों के लिए खुला योजना (Open for Summer Plan) के चरण 3 में प्रतिबंधों में ढील, 1 जुलाई से प्रभावी

- इनडोर सामाजिक जनसमूहों पर लगे प्रतिबंधों समेत शेष सभी प्रतिबंध हटा दिए जाएँगे।
- COVID-19 के पुष्ट मामलों और सतत देखभाल परिवेशों में सुरक्षात्मक उपायों के तहत एकाँतवास की आवश्यकताओं को जारी रखा जा सकता है।
- प्रांतव्यापी सामान्य इनडोर मास्किंग के जनादेश को निरस्त कर दिया जाएगा, किंतु कुछ सीमित और विशिष्ट परिवेशों में अभी भी मास्क पहनने की आवश्यकता हो सकती है।

70.2 प्रतिशतता के साथ अब 2,671,564 पात्र एल्बर्टावासियों को टीके की अपनी पहली खुराक प्राप्त हो चुकी है तथा इसमें 25 प्रतिशत से भी अधिक लोग टीके की दो खुराकें प्राप्त करके पूरी तरह से टीकाकृत हो गए हैं।

अपने COVID-19 टीकाकरण की बुकिंग करने के उद्देश्य से एएचएच (AHS) या पूरे प्रांत-भर में भाग लेने वाली फार्मेसियों के साथ उपलब्ध एपॉइंटमेंटों की खोज करने के लिए वेबसाइट alberta.ca/vaccine पर जाएँ। चयनित स्थल पहली खुराक के लिए वॉक-इन क्लीनिक प्रस्तुत कर रहे हैं।

एल्बर्टा सरकार COVID-19 महामारी की प्रतिक्रिया में वक्र को मोड़ने, छोटे व्यवसायों को कार्यरत बनाए रखने और एल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली की सुरक्षा के लिए सटीक उपायों के माध्यम से जीवन और लोगों की आजीविकाओं की रक्षा कर रही है।

संबंधित जानकारी

- अपना टीकाकरण एपॉइंटमेंट बुक करें
- गर्मियों के लिए खुला लॉटरी (Open for Summer Lottery) के लिए रजिस्टर करें

मीडिया पूछताछ

जेरिका गुडविन
587-988-3278
प्रेस सचिव, प्रीमियर कार्यालय
(Press Secretary, Office of the Premier)

टॉम मैकमिलन
780-422-4905
सहायक संचार निदेशक, स्वास्थ्य
(Assistant Director of Communications, Health)

और अधिक सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया यहाँ जाएँ: https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx।